भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 95
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटन स्थल का विकास

95. डॉ. आनन्द कुमार गोंडः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के बहराइच में भारत-नेपाल सीमा के निकट और हिमालय की तलहटी में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य को, यहां की जैव-विविधता और विभिन्न दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, लगभग 551 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है, ताकि स्थानीय लोग आर्थिक रूप से प्रगति कर सकें और रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकें; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों (एसीए) को सहायता' नामक योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को धन की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के पालन और राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को पूरा कर रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत भी राज्यों को पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद, एसीए और एसएएससीआई योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

वर्तमान में, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के विकास हेतु पर्यटन मंत्रालय के समक्ष किसी भी योजना के अंतर्गत विचार एवं स्वीकृति हेतु कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

****

अनुबंध

डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटन स्थल का विकास के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 95 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
	स्वदेश दर्शन		
1	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	बौद्ध परिपथ 2016-17	87.89
2	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	रामायण परिपथ 2016-17	69.45
3	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	71.91
4	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	67.51
5	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	विरासत परिपथ 2016-17	36.65
6	अयोध्या का विकास	रामायण परिपथ 2017-18	127.21
7	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	12.03
8	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	18.30

	प्रशाद योजना		
1	वाराणसी का विकास -चरण-I	2015-16	18.73
2	मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II)	2014-15	10.98
3	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
4	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
5	वाराणसी का विकास -चरण-II	2017-18	44.60
6	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59
	स्वदेश दर्शन 2.0		
1.	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	2023-24	14.52
2.	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	2023-24	17.80
	केंद्रीय एजेंसियों को सहायता		
1.	आगरा कैंट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2013-14	5.05
2.	राय-बरेली रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2013-14	4.44
3.	वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों का प्रदीप्तीकरण (सारनाथ में धमेख स्तूप सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मन महल)	2014-15	5.12
4.	वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था : 1. दशाश्वमेधघाट से दरबंगाघाट (300 मीटर का विस्तार) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय	2017-18	2.93
पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता -वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास (एसएएससीआई योजना) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा			
1.	जिला आगरा में बटेश्वर का विकास	2024-25	74.05
2.	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	2024-25	80.24

*****